# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## मई भाग-1 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोनः 8750187501
ई-मेलः online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. प्रतिरक्षण रणनीति 2030 (IA 2030) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. IA 2030 को वर्ष 2021-30 के दशक हेतु G20 देशों द्वारा टीकाकरण और प्रतिरक्षा के लिये लॉन्च किया है।
    2. यह टॉप-डाउन दृष्टिकोण पर आधारित है अर्थात् यह वर्तमान में मौजूद आबादी को प्राथमिकता देता है।

    उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2
    D. न तो 1 और न ही 2

2. 'कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. CSR की अवधारणा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी एक्ट, 2013 द्वारा शासित है।
    2. CSR का प्रावधान उन कंपनियों पर लागू होता है, जिनका वार्षिक कारोबार (Turnover) ₹1000 करोड़ है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

3. 'वैश्विक वन लक्ष्य रिपोर्ट-2021' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा तैयार की गई है।
    2. यह रिपोर्ट 'यूनाइटेड नेशन स्ट्रेटेजिक प्लान फॉर फॉरेस्ट' (UNSPF)-2030 की प्रगति पर एक समग्र अवलोकन प्रदान करती है।

    उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 न ही 2

4. 'एमएसीएस 1407' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    A. यह पृथ्वी की कक्षा के निकट एक क्षुद्रग्रह है।
    B. यह मंगल ग्रह पर स्थित एक गड्ढा है, जहाँ नासा ने अपने लैंडर को उतारा है।
    C. यह शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक ई-लर्निंग पोर्टल है।
    D. यह सोयाबीन की एक नई उच्च उपज देने वाली और कीट प्रतिरोधी किस्म है।

5. 'पाइथन-5' मिसाइल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह 5वीं पीढ़ी की हवा-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल है।
    2. इसे इज़रायली रक्षा कंपनी राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम (RADS) द्वारा विकसित किया गया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किर्गिस्तान एक मध्य एशियाई देश है जिसकी सीमा उज़्बेकिस्तान और चीन से मिलती है।
2. काज़िंद (KAZIND) भारत और किर्गिस्तान का संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न तो 2

7. 'वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान तथा अनुसंधान प्रणाली' (SAFAR) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक पहल है।
2. इसका संचालन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया जाता है।
3. यह प्रणाली ओज़ोन और पारा प्रदूषकों की निगरानी नहीं करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

8. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **बचाव अभियान** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | ऑपरेशन राहत | नेपाल |
| 2. | ऑपरेशन मैत्री | यमन |
| 3. | ऑपरेशन सुकून | लेबनान |

उपरोक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

9. 'शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समिति पूरे विश्व के सिखों का एक सर्वोच्च लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित निकाय है।
2. इसे धार्मिक मामलों, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्मारकों की देखभाल के लिये संसद के एक विशेष अधिनियम के अंतर्गत स्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

10. अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. INSTC ईरान, रूस और भारत द्वारा स्थापित एक मल्टी-मॉडल परिवहन गलियारा है।
2. यह अरब महासागर और फारस की खाड़ी को कैस्पियन सागर से जोड़ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. एशियाई विकास बैंक (ADB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत ADB का एक संस्थापक सदस्य है।
2. भारत ADB का सबसे बड़ा शेयरधारक है।
3. ADB का मुख्यालय थाईलैंड में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व यूनेस्को की 'वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व' की सूची में सूचीबद्ध है।
2. अगस्त्य पहाड़ी पेरियार राष्ट्रीय उद्यान के अंदर स्थित है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1

B. काल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 1990 के दशक से उत्तरी ध्रुव एक नए मार्ग का अनुसरण करते हुए पूर्व दिशा की ओर स्थानांतरित हो गया है।
2. भू-जल का निरंतर दोहन, ध्रुवीय प्रवाह को उत्पन्न करने वाले कारणों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

14. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. IIP, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा त्रैमासिक रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है।
    2. IIP के लिये आधार वर्ष 2011-2012 है।

    उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2
    D. न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. निएंडरथल पुरातन मानव के एक समूह का सदस्य है, जो प्लीस्टोसीन युग के दौरान अस्तित्व में था।
    2. जीनोम को किसी जीव के 'डीऑक्सीराइबोज़ न्यूक्लिक एसिड' (DNA) के पूर्ण सेट के रूप में परिभाषित किया जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. ऑपरेशन समुद्र सेतु की शुरुआत भारत द्वारा कोविड-19 से प्रभावित देशों में दवाओं को पहुँचाने के उद्देश्य के साथ की गई थी।
    2. भारतीय नौसेना ने भारत में ऑक्सीजन से भरे कंटेनरों की शिपमेंट के लिये 'ऑपरेशन समुद्र सेतु-II' की शुरुआत की है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

17. नेटवर्क फॉर ग्रीनिंग द फाइनेंशियल सिस्टम (NGFS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह सरकारी प्राधिकारियों का एक वैश्विक समूह है, जो अधिक सतत् नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन और दोहन का समर्थन करता है।
    2. इसे वर्ष 2017 में पेरिस में आयोजित 'वन प्लैनेट समिट' (One Planet Summit) के दौरान बनाया गया था।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी अभिसमय का पक्षकार नहीं है।
    2. भारत के संविधान का अनुच्छेद-21 शरणार्थियों को सुरक्षा प्रदान करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय लघु बचत कोष (NSSF) भारत की संचित निधि के अंतर्गत स्थापित किया गया था।
2. इस कोष को प्रशासित करने के नियम भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 283 (1) के अंतर्गत तैयार किये गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. P-8I पैट्रोल विमान एक लंबी दूरी का समुद्री गश्ती एवं पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान है।
2. अमेरिका ने भारत को उस रक्षा प्रौद्योगिकी तक पहुँच प्रदान की है जो वह अपने नाटो सहयोगियों को देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक सर्वेक्षण-आधारित प्रणाली है।
2. इसकी गणना केवल सेवा क्षेत्रों हेतु की जाती है।
3. वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं हेतु IHS मार्किट द्वारा PMI का संकलन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

22. ताइवान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पश्चिम में चीन और दक्षिण में फिलीपींस से घिरा हुआ है।
2. यह सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जो संयुक्त राष्ट्र का सदस्य नहीं है।
3. भारत ताइवान को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

23. एशियाई शेर के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य एशियाई शेर का एकमात्र निवास स्थान है।
2. इसे IUCN की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) की शुरुआत की गई।
2. मुद्रा (MUDRA) सरकार द्वारा स्थापित एक वित्तीय संस्थान है।
3. मुद्रा के तहत सीधे सूक्ष्म उद्यमियों/व्यक्तियों को उधार दिया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (UNESCO) द्वारा आयोजित किया जाता है।
2. विंडहोक घोषणा विश्व में प्रेस की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिये एक बेंचमार्क है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 104वाँ संविधान संशोधन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 342 राज्य के राज्यपाल को राज्य में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े समुदायों को अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो1 और न ही 2

नोट :

27. भारतीय बीमा विनियामक प्राधिकरण (IRDAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन वर्ष 1999 में मल्होत्रा समिति की सिफारिशों पर किया गया था।
2. यह एक सांविधिक निकाय है।
3. इसका मुख्यालय हैदराबाद में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

28. स्वामित्व (SVAMITVA) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वामित्व एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है।
2. इसका उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों का सीमांकन करना है।
3. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय इस योजना का नोडल मंत्रालय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) उनके बौद्धिक सृजन के परिप्रेक्ष्य में प्रदान किये जाने वाले अधिकार हैं।
2. भारत बौद्धिक संपदा (TRIPS समझौते) के व्यापार संबंधित पहलुओं पर समझौते के लिये प्रतिबद्ध नहीं है।
3. TRIPS समझौता कॉपीराइट और संबंधित अधिकारों के लिये सुरक्षा के न्यूनतम मानक निर्धारित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

30. निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण की अधिकतम सीमा 50% निर्धारित की गई?

A. केशवानंद भारती मामला, 1973
B. आई.आर कोएलो मामला, 2007
C. पुट्टास्वामी मामला, 2017
D. इंदिरा साहनी मामला, 1992

31. इको-सेंसिटिव ज़ोन (ESZ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ESZ, संरक्षित क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आसपास 10 किलोमीटर के भीतर के क्षेत्र हैं।
2. इन्हें वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत अधिसूचित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

नोट :

32. भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भारतीय संविधान का भाग-XV ECI की स्थापना के लिये उपबंध करता है।
2. ECI भारत में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव प्रक्रिया का संचालन नहीं करता है।
3. मुख्य चुनाव आयुक्त को सिद्ध दुर्व्यवहार के आधार पर संसद द्वारा पद से हटाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. 2G तकनीक डिजिटल रेडियो सिग्नल का उपयोग करता है।
2. 4G तकनीक को 100 Mbps से 1 Gbps की अधिकतम स्पीड के साथ लॉन्च किया गया था।
3. 5G तकनीक केवल हाई-बैंड स्पेक्ट्रम में कार्य करती है जिसमें उच्च गति के साथ-साथ अधिकतम कवरेज़ भी होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

34. सरकारी प्रतिभूति अधिग्रहण कार्यक्रम (G-SAP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह RBI के 'खुला बाज़ार परिचालनों' (OMOs) का हिस्सा है।
2. इससे रेपो दर और 10 वर्ष के सरकारी बॉण्ड यील्ड के बीच के अंतर को कम करने में मदद मिलेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

35. निम्नलिखित में से कौन से कारक दक्षिण पश्चिम मानसून की निर्माण प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं?
1. भूमि और जल के गर्म तथा ठंडा होने में अंतर।
2. मेडागास्कर के पूर्व में उच्च दबाव क्षेत्र की उपस्थिति।
3. भारतीय उपमहाद्वीप पर उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट धाराओं का आवागमन।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

36. जी 7 समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. जी 7 के सभी शिखर सम्मेलन यूनाइटेड किंगडम में आयोजित किये जाते हैं।
2. जी 7 समूह का मुख्यालय नागोया में स्थित है।
3. जी 7 शिखर सम्मेलन में शामिल नेताओं द्वारा लिये गए निर्णय गैर-बाध्यकारी हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

37. विनियम समीक्षा प्राधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विनियम समीक्षा प्राधिकरण की स्थापना वित्त मंत्रालय द्वारा की गई है।
2. यह नियामक निर्देशों को सुव्यवस्थित करने और प्रक्रियाओं को सरल करके विनियमित संस्थाओं के अनुपालन बोझ को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भू-गर्भीय रूप से निष्क्रिय ग्रह है।
2. शुक्र के वायुमंडल में फॉस्फीन गैस की उपस्थति जीवन की संभावना को इंगित करती है।
3. वीनस एक्सप्रेस शुक्र ग्रह हेतु नासा का मिशन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मीथेन का निर्माण कार्बनिक पदार्थों के टूटने या क्षय से होता है।
2. मीथेन को केवल प्राकृतिक प्रक्रियाओं के माध्यम से वातावरण में उत्सर्जित किया जा सकता है।
3. मीथेन कार्बन की तुलना में अधिक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है और वातावरण में अधिक समय तक रहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दाहला बांध का निर्माण अरघानदाब नदी पर किया गया है।
2. अफगानिस्तान में दाहला बांध का निर्माण भारत द्वारा किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

41. आर्कटिक क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. कनाडा, डेनमार्क, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका मिलकर आर्कटिक परिषद का आधार बनाते हैं।

B. आर्कटिक क्षेत्र में भारत की उपस्थिति पेरिस की स्वालबार्ड संधि पर हस्ताक्षर के साथ शुरू हुई थी।

C. भारत और चीन को आर्कटिक परिषद में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।

D. आर्कटिक क्षेत्र के डेनमार्क में स्थित इंडआर्क (IndARC) भारत का स्थायी अनुसंधान केंद्र है।

42. म्युकरमाइकोसिस के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक दुर्लभ प्रोटोज़ोआ द्वारा होने वाला संक्रमण है, जिसे म्युकरमायसिटिस कहा जाता है।
2. इस बीमारी का संचरण एक व्यक्ति के दूसरे व्यक्ति के संपर्क में आने के कारण होता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

43. हाल ही में चर्चा में रही 'गैलाथिया की खाड़ी' किस स्थान पर अवस्थित है?

A. अंडमान और निकोबार

B. लक्षद्वीप

C. कोरोमंडल तट

D. कोंकण तट

44. रवींद्रनाथ टैगोर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने वर्ष 1921 में पारंपरिक शिक्षा को चुनौती देने हेतु विश्व-भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की।
2. ये नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय थे।
3. उन्हें 1919 में ब्रिटिश किंग जॉर्ज पंचम द्वारा जलियाँवाला बाग हत्याकांड के बाद नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

45. विचलन बाद राजस्व घाटा (PDRD) अनुदान के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अनुदान को केंद्र सरकार संविधान के अनुच्छेद 275 के अंतर्गत राज्यों को प्रदान करती है।
2. इस अनुदान का भुगतान भारत की संचित निधि से किया जाता है।
3. इस अनुदान का उपयोग अनुच्छेद 275 के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासनिक स्तर को बढ़ाने के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

46. 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वित्त मंत्रालय योजना के क्रियान्वयन के लिये नोडल मंत्रालय है।
2. इस योजना का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत 5 किलोग्राम अतिरिक्त अनाज (गेहूँ या चावल) मुफ्त में उपलब्ध कराना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यूरेनियम का भंडार केवल झारखंड और राजस्थान राज्यों में ही पाया जाता है।
2. यूरेनियम का प्रबंधन खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के अनुसार राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. गोपाल कृष्ण गोखले के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य थे।
2. इन्होने वर्ष 1905 में सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी की स्थापना की।
3. महात्मा गांधी ने इन्हें अपना राजनीतिक गुरु माना था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में मुद्रास्फीति मुख्य रूप से थोक मूल्य सूचकांक (WPI) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) का उपयोग करके मापी जाती है।
2. कोर मुद्रास्फीति के माप में खाद्य और ऊर्जा क्षेत्र की बढ़ती कीमतें शामिल नहीं की जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) का गठन कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत किया गया।
2. NFRA के खातों की निगरानी भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा की जाती है।
3. NFRA उन कंपनियों की जाँच नहीं कर सकता है जो किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में स्थित बड़ी और महत्त्वपूर्ण आर्द्रभूमियों में से एक माना जाता है।
2. सर्दियों के दौरान यहाँ बड़ी संख्या में जलीयपक्षी एकत्र होते हैं।
3. बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा इसे महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (IBA) साइट्स में से एक के रूप में चुना गया है।
4. इसे रामसर साइट के रूप में भी नामित किया गया है।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस वेटलैंड के लिये उपयुक्त हैं:

A. सुर सरोवर

B. दीपोर बील

C. लोकटक झील

D. रुद्रसागर झील

52. बाँस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2017 में बाँस को वृक्ष की श्रेणी से हटाने हेतु भारतीय वन अधिनियम, 1927 में संशोधन किया गया था।
2. CSIR द्वारा कर्नाटक में बीमा बाँस से एक 'ऑक्सीजन पार्क' निर्मित किया गया है।
3. बीमा बाँस सर्वाधिक तीव्र गति के साथ बढ़ने वाला पौधा है जो कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने हेतु सबसे अच्छा कार्बन सिंक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1 और 3

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (TDB) एक सांविधिक निकाय है।
2. TDB केवल उद्यमों को तकनीकी सहायता प्रदान करता है।
3. TDB भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में योगदान के लिये व्यक्तियों को राष्ट्रीय पुरस्कार देकर सम्मानित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLAD) एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. MPLAD योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
3. राज्यसभा और लोकसभा दोनों के नामित सदस्यों को MPLAD योजना का लाभ नहीं मिलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'ओसिरिस-रेक्स' मिशन पृथ्वी के निकट क्षुद्रग्रह की यात्रा हेतु नासा का पहला मिशन है।

2. वर्ष 2016 में ओसिरिस-रेक्स' अंतरिक्ष यान को बेन्नू क्षुद्रग्रह की यात्रा हेतु लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस मिशन के कार्यान्वयन के लिये कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय नोडल मंत्रालय है।

2. इसे राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित किया जा रहा है।

3. भारत सरकार सभी राज्यों में विकास कार्यक्रमों के कुल परिव्यय का 60% वित्त पोषण कर रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

57. 'सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना को सोने की मांग को कम करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

2. ये भारत सरकार की ओर से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये जाते हैं।

3. इन्हें केवल निवासी व्यक्तियों द्वारा ही खरीदा जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. S-400 ट्रायम्फ रूस द्वारा डिज़ाइन किया गया भारत का सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम (SAM) है।

2. अश्विन एडवांस्ड एयर डिफेंस इंटरसेप्टर मिसाइल DRDO द्वारा विकसित एक सुपरसोनिक बैलिस्टिक इंटरसेप्टर मिसाइल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

59. हाल ही में समाचारों में रही 'अल-अक्सा मस्जिद' कहाँ स्थित है?

A. काबुल

B. यरुशलम

C. दमिश्क

D. अम्मान

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 311 रक्षा कर्मियों के साथ संघ और राज्य के सिविल सेवकों को सुरक्षा प्रदान करता है।
2. संघ और राज्य के सिविल सेवक भारत के राष्ट्रपति के विवेक पर काम करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न तो 2

## व्याख्या

**1.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र (United Nations) और अन्य एजेंसियों द्वारा विश्व प्रतिरक्षण सप्ताह (World Immunisation Week) के दौरान प्रतिरक्षण रणनीति- 2030 (Immunisation Agenda-IA 2030) को लॉन्च किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह दशक 2021-2030 हेतु वैक्सीन और टीकाकरण के लिये एक महत्त्वाकांक्षी, अतिव्यापी वैश्विक दृष्टि और रणनीति निर्धारित करता है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र के अनिवार्य सतत् विकास लक्ष्यों (विशेष रूप से SDG-3 जिसमे बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण शामिल है) को प्राप्त करने में योगदान देगा।
- IA-2030 ग्लोबल वैक्सीन एक्शन प्लान (Global Vaccine Action Plan- GVAP) पर आधारित है। इसका उद्देश्य GVAP के उन लक्ष्यों को संबोधित करना है जो 'वैक्सीन दशक' (2011-20) की वैश्विक टीकाकरण रणनीति के हिस्से के रूप में पूरे किये जाने थे।
  - GVAP को 'वैक्सीन दशक' (Decade of Vaccines) के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करने हेतु विकसित किया गया था, जिसमे सभी व्यक्ति और समुदाय वैक्सीन से रोकी जाने वाली बीमारियों से मुक्त हो सकें।
- IA-2030 'बॉटम-अप' (Bottoms-Up) दृष्टिकोण पर आधारित है, जबकि GVAP 'टॉप-डाउन' (Top-Down) दृष्टिकोण पर आधारित है।
  - यह आबादी के उस हिस्से को प्राथमिकता देगा जिन तक वर्तमान में टीकाकरण की पहुँच संभव नहीं है, विशेष रूप से समाज का वह वर्ग जो सर्वाधिक हाशिये पर है तथा जो अत्यधिक संवेदनशील और संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में रहता हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**2.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

- कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (CSR) को एक प्रबंधन अवधारणा के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसके तहत कंपनियाँ अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ सामाजिक और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को उनके हितधारकों के साथ एकीकृत करती हैं।

नोट :

- भारत में CSR की अवधारणा को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत नियंत्रित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - संभावित CSR गतिविधियों की पहचान करके एक रूपरेखा तैयार करने के साथ-साथ CSR को अनिवार्य करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है।
- CSR का प्रावधान उन कंपनियों पर लागू होता है, जिनका निवल मूल्य (Net Worth) ₹ 500 करोड़ से अधिक हो या कुल कारोबार (Turnover) ₹1000 करोड़ से अधिक हो या शुद्ध लाभ (Net Profit) ₹5 करोड़ से अधिक हो। **अत: कथन 2 सही है ।**

**3.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र (United Nation) द्वारा जारी 'वैश्विक वन लक्ष्य रिपोर्ट' (Global Forest Goals Report) 2021 के अनुसार कोविड-19 महामारी ने वनों के प्रबंधन में विभिन्न देशों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को बढ़ा दिया है।
- इस रिपोर्ट को संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (Department of Economic and Social Affairs) द्वारा तैयार किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह रिपोर्ट 'यूनाइटेड नेशन स्ट्रेटेजिक प्लान फॉर फॉरेस्ट' (United Nations Strategic Plan for Forests), 2030 में शामिल उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्रगति पर समग्र अवलोकन प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**4.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय वैज्ञानिकों ने सोयाबीन की एक उच्च उपज एवं कीट प्रतिरोधी वाली किस्म विकसित की है, जिसे एमएसीएस 1407 (MACS 1407) नाम दिया गया है।
  - पारंपरिक क्रॉस ब्रीडिंग (Conventional Cross Breeding) तकनीक का उपयोग करते हुए, वैज्ञानिकों द्वारा MACS 1407 को विकसित किया गया, जो प्रति हेक्टेयर 39 क्विंटल की उपज देती है, जो इसे अधिक उपज देने वाली किस्म बनाता है।
  - इस किस्म को 50% फ्लावरिंग (Flowering) हेतु औसतन 43 दिन की आवश्यकता होती है और बुवाई की तारीख से परिपक्व होने में 104 दिन का समय लगता है। अत: विकल्प D सही है ।
  - इसके बीजों में 19.81% तेल, 41% प्रोटीन की मात्रा होती है और इनमें बेहतर रोगाणु क्षमता (Germinability) होती है।
  - इसके पौधों का तना मोटा (7cm) होता है और इनकी फलियाँ बिखरती नहीं है, इसलिये यह यांत्रिक विधि से कटाई करने हेतु उपयुक्त है।
  - यह पूर्वोत्तर भारत की वर्षा आधारित परिस्थितियों के लिये उपयुक्त है।
    - यह असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों के लिये उपयुक्त है।
- सोयाबीन की यह किस्म गर्डल बीटल, लीफ माइनर, लीफ रोलर, स्टेम फ्लाई, एफिड्स, व्हाइट फ्लाई और डिफोलिएटर जैसे प्रमुख कीट-पतंगों के प्रति भी प्रतिरोधी है।
- इसके बीज वर्ष 2022 के खरीफ के मौसम (Kharif season) के दौरान किसानों को बुवाई हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे।
  - सोयाबीन की यह किस्म बिना किसी उपज हानि के 20 जून से 5 जुलाई के दौरान बुआई के लिये अत्यधिक अनुकूल है।

**5.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पाइथन-5 (Python-5) को इज़रायली रक्षा कंपनी राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स (Rafael Advanced Defense System) द्वारा विकसित किया गया है। यह पायथन परिवार का सबसे नवीनतम संस्करण है। **अत: कथन 2 सही है।**

- यह 5वीं पीढ़ी की हवा से हवा में मार कर सकने वाली मिसाइल पायलट को दुश्मन के विमान से चारों तरफ सुरक्षा करेगी है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह मिसाइल दुश्मन के विमानों को बहुत कम दूरी से लेकर लगभग दृश्य सीमा से परे तक मार गिराने में सक्षम है।
    - यह एक दोहरी उपयोग वाली मिसाइल है जो हवा से हवा और सतह से हवा में मार करने में सक्षम है।
    - यह मिसाइल एक ठोस प्रणोदक रॉकेट इंजन वाली है, जो इसे मैक 4 तक की गति और 20 किमी. से अधिक की मारक सीमा प्रदान करता है।
    - यह लॉक-ऑन-बिफोर (Lock-on-Before) और लॉक-ऑन-आफ्टर (Lock-on-After ) लॉन्च क्षमताओं से भी लैस है।

6.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- किर्गिज़स्तान मध्य एशिया का एक देश है जो उज़्बेकिस्तान, कज़ाकिस्तान, चीन और ताज़िकिस्तान के साथ सीमा साझा करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1991 से भारत और किर्गिज़स्तान के मध्य मज़बूत द्विपक्षीय संबंध स्थापित हैं।
    - वर्ष 1992 में भारत, किर्गिज़स्तान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला देश था।
- वर्ष 2011 में भारत और किर्गिज़स्तान के मध्य संयुक्त 'खंजर' (Khanjar) अभ्यास श्रृंखला की शुरुआत की गई।
    - काज़िंद भारत और कज़ाखस्तान के मध्य आयोजित होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

7.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 'वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान तथा अनुसंधान प्रणाली' (SAFAR) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (Ministry of Earth Science) द्वारा महानगरों के किसी स्थान-विशिष्ट के समग्र प्रदूषण स्तर और वायु गुणवत्ता को मापने के लिये शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है। **अतः कथन 1 सही नहीं हैं।**
- यह भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (Indian Institute of Tropical Meteorology- IITM) पुणे द्वारा निर्मित एक स्वदेशी प्रणाली है, जिसका संचालन भारत मौसम विभाग (India Meteorological Department-IMD) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं हैं।**
- इस परियोजना का अंतिम उद्देश्य आम जनता के बीच अपने शहर में वायु गुणवत्ता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि उचित शमन उपाय और व्यवस्थित कार्रवाई की जा सके।
    - सफर, दिल्ली में भारत की पहली वायु गुणवत्ता आरंभिक चेतावनी प्रणाली (Air Quality Early Warning System) का एक अभिन्न अंग है।
- यह मौसम के सभी मापदंडों जैसे- तापमान, वर्षा, आर्द्रता, हवा की गति एवं दिशा, पराबैंगनी किरणों और सौर विकिरण आदि की निगरानी करता है।
- इसके अंतर्गत निगरानी किये जाने वाले प्रदूषक हैं: पीएम2.5, पीएम10, ओज़ोन, कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx), सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$), बेंज़ीन, टोल्यूनि, ज़ाइलीन और मरकरी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

8.

उत्तर: C

**व्याख्या :**

- नागरिक बचाव मिशन:
  - खाड़ी देशों से निकासी (1990-91):
    - वंदे भारत मिशन से पूर्व वर्ष 1990 में खाड़ी युद्ध के दौरान कुवैत से भारतीय नागरिको को वापस लाना अब तक का सबसे बड़ा निकासी अभियान था।
    - खाड़ी युद्ध के दौरान लगभग 1,77,000 भारतीय फँसे हुए थे। उस समय, एयर इंडिया ने दो महीनों में लगभग 500 उड़ानें संचालित की थीं।
  - ऑपरेशन राहत:
    - वर्ष 2015 के यमन संकट के दौरान भारतीय सशस्त्र बल द्वारा शुरू किये गए ऑपरेशन राहत के अंतर्गत यमन से 41 देशों के 960 विदेशी नागरिकों के साथ 4640 से अधिक भारतीय नागरिकों को निकाला गया था। **अत: कथन 1 सही सुमेलित नहीं है।**
    - यह अभियान वायु मार्ग और समुद्र मार्ग दोनों से संचालित किया गया था।
  - ऑपरेशन मैत्री:
    - वर्ष 2015 में नेपाल में आए भूकंप में बचाव और राहत अभियान के रूप में ऑपरेशन मैत्री का संचालन भारत सरकार और भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किया गया था। **अत: कथन 2 सही सुमेलित नहीं है।**
    - भारतीय सशस्त्र बलों ने लगभग 5,188 लोगों को निकाला था, जबकि लगभग 785 विदेशी पर्यटकों को पारगमन वीज़ा प्रदान किया गया था।
  - ऑपरेशन सुरक्षित घर वापसी:
    - इसे भारत सरकार ने 26 फरवरी, 2011 को लीबियाई गृहयुद्ध में फँसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिये शुरू किया था।
    - भारतीय नौसेना और एयर इंडिया द्वारा वायु मार्ग और समुद्र मार्ग दोनों का संचालन किया गया था। ऑपरेशन में लगभग 15,000 नागरिकों को बचाया गया था।
  - ऑपरेशन सुकून:
    - यह अभियान भारतीय नौसेना द्वारा लेबनान युद्ध (2006) के दौरान लेबनान में फँसे भारत, श्रीलंका और नेपाल के नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिये चलाया गया था। **अत: कथन 3 सही सुमेलित है।**
    - यह भारतीय नौसेना द्वारा किये गए सबसे बड़े बचाव अभियानों में से एक था, जिसमें कुल 2,280 लोगों को बचाया गया था।

9.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति पूरे विश्व में रहने वाले सिखों का एक सर्वोच्च लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे धार्मिक मामलों और सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक स्मारकों की देखभाल के लिये वर्ष 1925 में संसद के एक विशेष अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

10.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC) को सदस्य देशों के मध्य परिवहन सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईरान, रूस और भारत द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में 12 सितंबर 2000 को स्थापित एक मल्टी-मॉडल परिवहन (Multi-Modal Transportation) गलियारा है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- INSTC का विस्तार कर इसमें 11 नए सदस्यों को शामिल किया गया है, जिसमें अज़रबैजान गणराज्य, आर्मेनिया गणराज्य, कजाकिस्तान गणराज्य, किर्गिज़ गणराज्य, ताज़िकिस्तान गणराज्य, तुर्की गणराज्य, यूक्रेन गणराज्य, बेलारूस गणराज्य, ओमान, सीरिया, बुल्गारिया ( पर्वेक्षक ) शामिल हैं।

- यह माल परिवहन हेतु जहाज़, रेल और सड़क मार्ग का 7,200 किलोमीटर लंबा मल्टी-मोड नेटवर्क (Multi-Mode Network) है, जिसका उद्देश्य भारत और रूस के मध्य परिवहन लागत को लगभग 30% कम करना और आवागमन के 40 दिनों घटा कर कम से कम आधा करना है। ।
  - यह गलियारा इस्लामिक गणराज्य ईरान के द्वारा हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को कैस्पियन सागर से जोड़ता है तथा उसके बाद यह रूसी संघ के द्वारा से सेंट पीटर्सबर्ग और उत्तरी यूरोप से जुड़ा हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**

**11.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एशियाई विकास बैंक (ADB) एक क्षेत्रीय विकास बैंक है। इसकी स्थापना 19 दिसंबर, 1966 को हुई थी।
- ADB में कुल 68 सदस्य शामिल हैंI भारत ADB का एक संस्थापक सदस्य है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - कुल सदस्यों में से 49 सदस्य देश एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हैं, जबकि 19 सदस्य अन्य क्षेत्रों से हैं।
  - इसका उद्देश्य एशिया में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।
- 31 दिसंबर 2019 तक ADB के पाँच सबसे बड़े शेयरधारकों में जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका (प्रत्येक कुल शेयरों के 15.6% के साथ), पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (6.4%), भारत (6.3%) और ऑस्ट्रेलिया (5.8%) शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ADB का मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**12.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अगस्त्य पहाड़ी केरल के पश्चिमी घाट में नेय्यर वन्यजीव अभयारण्य (Neyyar Wildlife Sanctuary) के भीतर स्थित समुद्र तल से 1,868 मीटर ऊँची चोटी है। यह चोटी केरल और तमिलनाडु की सीमा पर स्थित अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व (Agasthyamala Biosphere Reserve) की एक हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस चोटी का नाम हिंदू ऋषि अगस्त्य के नाम पर रखा गया है, जिन्हें हिंदू पुराणों के सात ऋषियों (सप्तऋषि) में से एक माना जाता है। यह श्रद्धालुओं का एक तीर्थ स्थल भी है।
- ताम्रपर्णी नदी (Thamirabarani River) एक बारहमासी नदी है जो इस पहाड़ी के पूर्वी हिस्से से निकलती है और तमिलनाडु के तिरुनेलवेली (Tirunelveli) ज़िले में बहती है।
- अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व को वर्ष 2016 में यूनेस्को की विश्व नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व की सूची (UNESCO World Network of Biosphere Reserve) में जोड़ा गया है। **अत: कथन 1 सही है।**

**13.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 1990 के दशक से जलवायु परिवर्तन के कारण महासागरों में अरबों टन हिमाच्छादित बर्फ पिघल गई है। यही कारण है कि पृथ्वी की ध्रुवीय दिशाओं में परिवर्तन हो रहा है।
- 1990 के दशक से जलमंडल में परिवर्तन के कारण उत्तरी ध्रुव एक नए मार्ग का अनुसरण करते हुए पूर्व दिशा की ओर स्थानांतरित हो गया है। (जिसका अर्थ है कि पृथ्वी पर जल का भंडार है)। **अत: कथन 1 सही है ।**

नोट :

- वर्ष 1995 से 2020 तक इसके प्रवाह की औसत गति 1981 से 1995 की तुलना में 17 गुना तीव्र थी।
- इसके अतिरिक्त पिछले चार दशकों में ध्रुवीय प्रवाह लगभग 4 मीटर तक हुआ है।
- यह गणना नासा के 'ग्रेविटी रिकवरी एंड क्लाइमेट एक्सपेरिमेंट' (GRACE) मिशन के उपग्रह डेटा पर आधारित थी।
- ध्रुवीय प्रवाह के कारण:
  - बर्फ पिघलना: 1990 के दशक में ग्लोबल वार्मिंग के कारण बर्फ के तेज़ी से पिघलने का सबसे संभावित कारण ध्रुवीय प्रवाहों का दिशात्मक परिवर्तन था।
    - जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलते हैं, जल का द्रव्यमान पुन:विस्तारित होता है, जिससे ग्रहों की धुरी में स्थानांतरण होता है।
  - गैर-हिमनद क्षेत्रों में परिवर्तन (भौमिकी जल संग्रहण): गैर-हिमनद क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन और भूजल के दोहन के कारण सिंचाई और अन्य मानवजनित गतिविधियों में परिवर्तन होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - भू-जल रिक्तिकरण: भूजल में कमी भी इस घटना में इजाफा करती है। चूँकि पेयजल, उद्योगों या कृषि के लिये प्रत्येक वर्ष भूमि के अंदर से लाखों टन जल बाहर निकाला जाता है, अंतत: यह जल समुद्र में शामिल हो जाता है, जिससे ग्रह के द्रव्यमान का पुनर्वितरण होता है।

**14.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- IIP एक संकेतक है जो एक निश्चित अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादों के उत्पादन की मात्रा में बदलाव को मापता है।
- यह सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा मासिक रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह एक समग्र संकेतक है, जो कि निम्न रूप से वर्गीकृत किये गए उद्योग समूहों की वृद्धि दर को मापता है:
  - व्यापक क्षेत्र, अर्थात्-खनन, विनिर्माण और बिजली।
  - बेसिक गुड्स, कैपिटल गुड्स और इंटरमीडिएट गुड्स जैसे उपयोग आधारित क्षेत्र।
- IIP के लिये आधार वर्ष 2011-2012 है। **अत: कथन 2 सही है।**
- IIP का महत्त्व:
  - इसका उपयोग नीति निर्माण के लिये वित्त मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक आदि सरकारी एजेंसियों द्वारा किया जाता है।
  - IIP त्रैमासिक और अग्रिम जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) अनुमानों की गणना के लिये बेहद प्रासंगिक है।

**15.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- निएंडरथल (होमो निएंडरथेलेंसिस, होमो सेपियंस निएंडरथेलेंसिस) पुरातन मानव के एक समूह का सदस्य है, जो 2,00,000 वर्ष पहले प्लीस्टोसीन युग (लगभग 2.6 मिलियन से 11,700 वर्ष पूर्व) के दौरान अस्तित्त्व में था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इनको प्रारंभिक आधुनिक मानव आबादी (होमो सेपियंस) द्वारा 35,000 से 24,000 वर्ष पहले प्रतिस्थापित कर दिया गया था।
- जीनोम, सभी जीवों में पाया जाने वाला एक वंशानुगत पदार्थ है। इसे किसी जीव के डीऑक्सीराइबोज़ न्यूक्लिक एसिड (Deoxyribose Nucleic Acid- DNA) के पूर्ण सेट के रूप में परिभाषित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है
  - मनुष्यों के पूरे जीनोम की एक प्रति में 3 बिलियन से अधिक डीएनए जोड़े होते हैं।

**16.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय नौसेना ने भारत में ऑक्सीजन से भरे कंटेनरों की शिपमेंट के लिये 'ऑपरेशन समुद्र सेतु-II' की शुरुआत की है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- इस ऑपरेशन के हिस्से के रूप में सात भारतीय नौसेना जहाज़ों अर्थात् कोलकाता, कोच्चि, तलवार, टाबर, त्रिकंड, जलश्व तथा ऐरावत को विभिन्न देशों से लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन-फील्ड क्रायोजेनिक कंटेनर्स और संबंधित मेडिकल इक्विपमेंट की शिपमेंट के लिये तैनात किया गया है।
- दो जहाज़ INS कोलकाता और INS तलवार, मुंबई के लिये 40 टन तरल ऑक्सीजन लाने हेतु मनामा और बहरीन के बंदरगाहों में प्रवेश कर चुके हैं।
- INS जलाश्व और INS ऐरावत भी इसी प्रकार के मिशन के साथ क्रमशः बैंकॉक और सिंगापुर के मार्ग पर हैं।

- ज्ञात हो कि ऑपरेशन समुद्र सेतु को कोविड-19 महामारी के दौरान विदेशों में फँसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के राष्ट्रीय प्रयास के तहत मई 2020 में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

**17.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नेटवर्क फॉर ग्रीनिंग द फाइनेंशियल सिस्टम (NGFS) केंद्रीय बैंकों और पर्यवेक्षक प्राधिकारियों का एक वैश्विक समूह है जो अधिक सतत् वित्तीय व्यवस्था का समर्थन करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य वित्तीय प्रणाली के लिये जलवायु परिवर्तन के परिणामों का विश्लेषण करना और निम्न-कार्बन आर्थिक विकास को सक्षम करने के लिये वैश्विक वित्तीय प्रवाह को पुनर्निर्देशित करना है।
- इसे दिसंबर 2017 में पेरिस में आयोजित 'वन प्लैनेट समिट' (One Planet Summit) के दौरान बनाया गया और इसका सचिवालय 'बैंक्य डी फ्राँस' (Banque de France) द्वारा संचालित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**18.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मणिपुर के उच्च न्यायालय (High Court) ने मणिपुर के एक सीमावर्ती शहर में फँसे सात म्याँमार नागरिकों को नई दिल्ली स्थित संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (United Nations High Commissioner for Refugees- UNHCR) जाने की अनुमति दी है।
    - हालाँकि भारत के पास कोई शरणार्थी सुरक्षा नीति या ढाँचा नहीं है, लेकिन फिर भी यह पड़ोसी देशों से आए बड़ी संख्या में शरणार्थियों को शरण देता है।
    - भारत आमतौर पर अफगानिस्तान और म्याँमार से आए शरणार्थियों की स्थिति पर UNHCR की मान्यता का सम्मान करता है।
- यद्यपि भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी अभिसमयों का पक्षकार देश नहीं है, किंतु यह 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' (Universal Declaration of Human Rights), 1948 तथा 'अंतर्राष्ट्रीय नागरिक एवं राजनीतिक अधिकार नियम' (International Covenant on Civil and Political Rights), 1966 का हस्ताक्षरकर्त्ता है। अतः कथन 1 सही है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 21 में शरणार्थियों को उनके मूल-देश में वापस नहीं भेजे जाने यानी 'नॉन-रिफाउलमेंट' (Non-Refoulement) का अधिकार शामिल है।
    - नॉन-रिफाउलमेंट, अंतर्राष्ट्रीय कानून के अंतर्गत एक सिद्धांत है, जिसके अनुसार अपने देश से उत्पीड़न के कारण भागने वाले व्यक्ति को उसी देश में वापस जाने के लिये मज़बूर नहीं किया जाना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**

**19.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय लघु बचत कोष (NSSF) को वर्ष 1999 में भारत की लोक लेखा निधि (Public Account of India) के अंतर्गत स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इस कोष का उद्देश्य भारत की संचित निधि (Consolidated Fund of India) से छोटी बचत लेन-देन को जोड़ना और पारदर्शी तथा आत्मनिर्भर तरीके से उनका संचालन सुनिश्चित करना है।
  - राष्ट्रीय लघु बचत कोष सार्वजनिक खाते के रूप में संचालित होता है, इसलिये इसका लेन-देन सीधे केंद्र के वित्तीय घाटे को प्रभावित नहीं करता है।
- इस कोष को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (आर्थिक मामलों का विभाग) द्वारा राष्ट्रीय लघु बचत कोष (कस्टडी और निवेश) नियम, 2001 के तहत संविधान के अनुच्छेद 283 (1) के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा प्रशासित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**20.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- P-8I पैट्रोल विमान एक लंबी दूरी का समुद्री गश्ती एवं पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह P-8A पोसाइडन विमान का एक प्रकार है जिसे बोइंग कंपनी ने अमेरिकी नौसेना के पुराने P-3 बेड़े के प्रतिस्थापक के रूप में विकसित किया है।
- 907 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति और 1,200 समुद्री मील से अधिक की दूरी पर एक ऑपरेटिंग रेंज के साथ P-8I खतरों का पता लगाता है और आवश्यकता पड़ने पर भारतीय तटों के आसपास पहुँचने से पहले उन्हें अप्रभावी कर देता है।
- वर्ष 2009 में भारतीय नौसेना P-8I विमान के लिये पहला अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक बनी।
- संयुक्त राज्य अमेरिका से रक्षा खरीद दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों का एक अभिन्न अंग है।
  - भारत-अमेरिका के बीच रक्षा व्यापार वर्ष 2008 में लगभग शून्य था जो वर्ष 2020 में लगभग 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है, जिसने दोनों देशों के बीच प्रमुख नीति उन्नयन में मदद की।
- वर्ष 2016 में अमेरिका ने भारत को एक "मेजर डिफेंस पार्टनर" नामित किया था। वर्ष 2018 में अमेरिका ने सामरिक व्यापार प्राधिकरण-1 (STA-1) के तहत भारत को नाटो सहयोगी देश और ऑस्ट्रेलिया, जापान और दक्षिण कोरिया के समान रक्षा प्रौद्योगिकी तक पहुँच प्रदान की है। **अत: कथन 2 सही है।**

**21.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह एक सर्वेक्षण-आधारित प्रणाली है, जिसमें उत्तरदाताओं से पिछले माह की तुलना में प्रमुख व्यावसायिक चरों (Variables) के बारे में उनकी धारणा में आए बदलाव को लेकर प्रश्न पूछा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- PMI का उद्देश्य कंपनी के निर्णय निर्माताओं, विश्लेषकों और निवेशकों को वर्तमान और भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।
- PMI की गणना विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों हेतु अलग-अलग की जाती है, जिसके पश्चात् एक समग्र सूचकांक का तैयार किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- IHS मार्किट द्वारा विश्व भर में 40 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं हेतु PMI का संकलन किया जाता है।
  - IHS मार्किट विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं के प्रमुख उद्योगों और बाज़ारों हेतु सूचना, विश्लेषण और समाधान प्रस्तुत करने वाली एक अग्रणी वैश्विक कंपनी है। **अत: कथन 3 सही है।**

**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- तकरीबन 23 मिलियन लोगों की आबादी वाला रिपब्लिक ऑफ चाइना यानी ताइवान चीन के दक्षिणी तट के पास स्थित द्वीप है, जिसे वर्ष 1949 के बाद से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से स्वतंत्र एक लोकतांत्रिक सरकार द्वारा शासित किया जा रहा है।

- इसके पश्चिम में चीन (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना), उत्तर-पूर्व में जापान और दक्षिण में फिलीपींस स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- ताइवान सबसे अधिक आबादी वाला ऐसा राष्ट्र है जो संयुक्त राष्ट्र (United Nations-UN) का सदस्य नहीं है और साथ ही यह संयुक्त राष्ट्र के बाहर सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है। अत: कथन 2 सही है।
  - ताइवान एशिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
- भारत और ताइवान के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन वर्ष 1995 में दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में प्रतिनिधि कार्यालय स्थापित किये थे। भारत द्वारा 'एक चीन नीति' का समर्थन किया जाता है।
  - एक चीन नीति: भारत के लिये ताइवान के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को पूरी तरह से विकसित करना अपेक्षाकृत मुश्किल है। वर्तमान में विश्व के लगभग 15 देशों द्वारा ताइवान को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दी गई है। भारत मान्यता देने वाले 15 देशों में शामिल नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**23.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एशियाई शेर, जिसे फारसी शेर या भारतीय शेर के नाम से भी जाना जाता है, पैंथेरा लियो पर्सिका (Panthera Leo Persica) उप-प्रजाति का सदस्य है, जो कि मूलत: भारत तक सीमित है। एशियाई शेर, अफ्रीकी शेरों की तुलना में थोड़े छोटे होते हैं।
- पूर्व में ये पश्चिम और मध्य पूर्व एशिया में भी पाए जाते थे, लेकिन इन क्षेत्रों में आवासीय क्षति के कारण ये विलुप्त हो गए।
  - एशियाई शेर एक समय में पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और मध्य भारत के पारिस्थितिकी पर्यावास में पाए जाते थे।
  - वर्तमान में गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य (Gir National Park and Wildlife Sanctuary) एशियाई शेर का एकमात्र निवास स्थान है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एशियाई शेरों को IUCN रेड लिस्ट में 'लुप्तप्राय' (Endangered) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ये CITES के तहत परिशिष्ट-I में सूचीबद्ध हैं।
  - ये वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची I के तहत संरक्षित हैं।

**24.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शुरुआत अप्रैल, 2015 में गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि लघु/सूक्ष्म उद्यमों को 10 लाख रुपए तक के ऋण प्रदान करने हेतु की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - मुद्रा (MUDRA) यानी माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड (Micro Units Development & Refinance Agency Ltd) सरकार द्वारा स्थापित एक वित्तीय संस्थान है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके तहत बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) और सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (MFI) जैसे विभिन्न वित्तीय संस्थानों के माध्यम से नॉन-कॉर्पोरेट स्माल बिज़नस सेक्टर (Non-Corporate Small Business Sector) को वित्तपोषित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- मुद्रा ऋण तीन श्रेणियों में प्रदान किये जाते हैं- 'शिशु' (Shishu) 'किशोर' (Kishore) तथा 'तरुण' (Tarun) और ये ऋण लेने वालों के विकास तथा धन संबंधी आवश्यकताओं के चरण को दर्शाते हैं:
  - शिशु: 50,000 रुपए तक के ऋण।
  - किशोर: 50,000 रुपए से 5 लाख लाख रुपए तक के ऋण।
  - तरुण: 5 लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक के ऋण।
  - इस योजना के तहत दिया जाने वाला ऋण संपार्श्विक मुक्त ऋण (Collateral-Free Loans) होता है।

नोट :

**25.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रत्येक वर्ष विश्व भर में 3 मई को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' (WPFD) मनाया जाता है। यह दिवस ' संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (UNESCO) द्वारा आयोजित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस वर्ष विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की थीम 'इनफॉर्मेशन एज़ ए पब्लिक गुड' है।
- वर्ष 1991 में यूनेस्को की जनरल कॉन्फ्रेंस की सिफारिश के बाद वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की थी।
- यह दिवस वर्ष 1991 में यूनेस्को द्वारा अपनाई गई 'विंडहोक' (Windhoek) घोषणा को भी चिह्नित करता है।विंडहोक घोषणा विश्व में प्रेस की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिये एक बेंचमार्क है।
- वर्ष 1991 की 'विंडहोक घोषणा' एक मुक्त, स्वतंत्र और बहुलवादी प्रेस के विकास से संबंधित है।
  - वर्ष 1991 में विंडहोक घोषणा को अफ्रीकी अखबार के पत्रकारों द्वारा स्वतंत्र प्रेस सिद्धांतों के एक बयान को एक साथ रखा गया। अत: कथन 2 सही है।
  - 'विंडहोक घोषणा' एक मुक्त, स्वतंत्र और बहुलवादी प्रेस के विकास से संबंधित है जो पूर्ण रूप से प्रेस की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक क्षेत्र में एक सफल भागीदारी के बीच जुड़ाव एक मज़बूत विश्वास पर आधारित है।

**26.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 102वाँ संशोधन अधिनियम, 2018 के तहत सविधान में अनुच्छेद 338B और 34A को जोड़ा गया।
- अनुच्छेद 338B पिछड़े वर्गों के लिये एक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - पहले NCBC सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय था।
- अनुच्छेद 342A राष्ट्रपति को (न कि राज्यपाल को) राज्य में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े समुदायों को अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - यदि पिछड़े वर्गों की सूची में संशोधन किया जाना है तो इसके लिये संसद द्वारा अधिनियमित कानून की आवश्यकता होगी।

**27.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मल्होत्रा समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों के बाद, वर्ष 1999 में बीमा उद्योग को विनियमित करने और विकसित करने के लिये एक स्वायत्त निकाय के रूप में बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDA) का गठन किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- अप्रैल 2000 में IRDA को एक सांविधिक निकाय का दर्जा दिया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- IRDA के प्रमुख उद्देश्यों में बीमा बाज़ार की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ता की पसंद और कम प्रीमियम के माध्यम से ग्राहकों की संतुष्टि को बढ़ाने के साथ ही प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना भी शामिल है।
- इसका मुख्यालय हैदराबाद में है। **अत: कथन 3 सही है।**

**28.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- स्वामित्व (SVAMITVA) का पूर्ण रूप "Survey of Villages And Mapping with Improvised Technology In Village Areas" है।

नोट :

- हाल ही में पंचायती राज मंत्रालय ने स्वामित्व योजना (SVAMITVA Scheme) को राष्ट्रव्यापी स्तर पर लागू करने के लिये फ्रेमवर्क जारी किया है।
  - स्वामित्व योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इसकी शुरूआत 24 अप्रैल, 2020 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) इस योजना का एक नोडल मंत्रालय है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - भारतीय सर्वेक्षण विभाग इस योजना हेतु प्रौद्योगिकी कार्यान्वयन एजेंसी है।.
- इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत हेतु एकीकृत संपत्ति सत्यापन समाधान (Integrated Property validation Solution) प्रदान करना है।
  - ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों का सीमांकन ड्रोन सर्वेक्षण और सतत् परिचालन संदर्भ स्टेशन-कॉर्स (Continuously Operating Reference Stations- CORS) नेटवर्क का उपयोग करके किया जाएगा, जो 5 सेमी तक की मैपिंग सटीकता प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह ग्रामीण क्षेत्रों में बसे हुए निवासियों को संपत्ति का अधिकार प्रदान करता है।
- वर्ष 2021-2025 के दौरान संपूर्ण देश के लगभग 6.62 लाख गाँवों को कवर किया जाएगा।

**29.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अमेरिका ने कोविड -19 वैक्सीन के लिये बौद्धिक संपदा (IP) संरक्षण में छूट प्रदान करने की घोषणा की है।
  - यह निर्णय महामारी से लड़ने के क्रम में भारत और दक्षिण अफ्रीका द्वारा विश्व व्यापार संगठन (WTO) के सदस्य देशों को इस तरह की छूट के लिये सहमत करने हेतु गए प्रयासों की एक सफलता है।
- व्यक्तियों को उनके बौद्धिक सृजन के परिप्रेक्ष्य में प्रदान किये जाने वाले अधिकार ही बौद्धिक संपदा अधिकार कहलाते हैं। वस्तुत: ऐसा समझा जाता है कि यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार का बौद्धिक सृजन (जैसे:आविष्कार, साहित्यिक और कलात्मक कार्य, और प्रतीक, नाम, चित्र और व्यावसायिक पैमाने पर उपयोग किये गए डिज़ाइन) करता है तो सर्वप्रथम इस पर उसी व्यक्ति का अनन्य अधिकार होना चाहिये। चूँकि यह अधिकार बौद्धिक सृजन के लिये ही दिया जाता है, इसलिये इसे बौद्धिक संपदा अधिकार की संज्ञा दी जाती है। अत: कथन 1 सही है।
  - बौद्धिक संपदा अधिकार सृजनकर्त्ता को एक निश्चित समयावधि के लिये उसके निर्माण के उपयोग पर एक विशेष अधिकार देते हैं।
- भारत विश्व व्यापार संगठन का एक सदस्य है और बौद्धिक संपदा (TRIPS समझौते) के व्यापार संबंधित पहलुओं पर समझौते के लिये प्रतिबद्ध है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ट्रिप्स समझौता कॉपीराइट एवं संबंधित अधिकारों, ट्रेडमार्क, भौगोलिक संकेतों (Geographical Indications- GI), औद्योगिक डिजाइन, पेटेंट, एकीकृत सर्किट ले आउट डिज़ाइन तथा अप्रकाशित जानकारी सुरक्षा हेतु न्यूनतम मानक निर्धारित करता है। अत: कथन 3 सही है।

**30.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1992 में इंदिरा साहनी निर्णय (Indira Sawhney judgment) में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि दूर-दराज़ के इलाकों की आबादी को मुख्यधारा में लाने हेतु केवल कुछ असाधारण परिस्थितियों में ही 50% के नियम में थोड़ी ढील दी जा सकती है। **अत: विकल्प D सही है।**
- न्यायालय ने सरकार के निर्णय को बरकरार रखते हुए घोषणा की कि ओबीसी (यानी क्रीमी लेयर) में शामिल उन्नत वर्गों को आरक्षण के लाभार्थियों की सूची से बाहर रखा जाएगा तथा इस बात को स्वीकार कि SC और ST के मामले में क्रीमी लेयर की अवधारणा को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिये।

**नोट :**

**31.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इको-सेंसिटिव जोन (ESZ) या पर्यावरण संवेदी क्षेत्र, संरक्षित क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आसपास 10 किलोमीटर के भीतर के क्षेत्र हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - संवेदनशील गलियारे, संपर्क और पारिस्थितिक रूप से महत्त्वपूर्ण खंडों और प्राकृतिक संयोजन के लिये महत्त्वपूर्ण क्षेत्र होने की स्थिति में 10 किमी. से अधिक क्षेत्र को भी इको-सेंसिटिव ज़ोन में शामिल किया जा सकता है।
- ESZ को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा अधिसूचित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**32.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के संचालन के लिये एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण (Constitutional Authority) है।
  - भारतीय संविधान का भाग XV (अनुच्छेद 324-329): यह चुनावों से संबंधित हैं, और यह इनसे संबंधित मामलों के लिये एक अलग आयोग की स्थापना करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। निर्वाचन आयोग का सचिवालय नई दिल्ली में स्थित है।
- चुनाव आयोग भारत में लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया का संचालन, अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका राज्यों में पंचायतों और नगरपालिकाओं के चुनावों से कोई संबंध नहीं है।भारत का संविधान में इसके लिये एक अलग राज्य निर्वाचन आयोग (State Election Commission) का प्रावधान है।
- निर्वाचन आयोग में एक मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और दो चुनाव आयुक्त होते हैं।
  - मुख्य चुनाव आयुक्त को संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के समान ही पद से हटाया जा सकता है।
    - उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, मुख्य चुनाव आयुक्त, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (Comptroller and Auditor General- CAG) को दुर्व्यवहार या पद के दुरुपयोग का आरोप सिद्ध होने पर या अक्षमता के आधार पर संसद द्वारा अपनाए गए प्रस्ताव के माध्यम से ही पद से हटाया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 2जी को 1990 के दशक में लॉन्च किया गया था, जो डिजिटल रेडियो सिग्नल का उपयोग करता है और 64 केबीपीएस की बैंडविड्थ के साथ वॉयस और डेटा ट्रांसमिशन दोनों का कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - 1जी को 1980 के दशक में लॉन्च किया गया था और इसने एनालॉग रेडियो सिग्नल पर कार्य किया तथा केवल वॉयस कॉल को संभव बनाया।
- 4जी को वर्ष 2009 में 100 एमबीपीएस से 1 जीबीपीएस की अधिकतम स्पीड के साथ लॉन्च किया गया था और यह 3डी आभासी वास्तविकता को भी सक्षम करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- 5जी 'लॉन्ग-टर्म एवोल्यूशन' (LTE) मोबाइल ब्रॉडबैंड नेटवर्क में सबसे नवीनतम अपग्रेड है।

नोट :

- 5G मुख्य रूप से 3 बैंड (लो, मिड और हाई बैंड स्पेक्ट्रम) में कार्य करता है, जिसमें सभी के बैंड्स के कुछ विशिष्ट उपयोग और कुछ विशिष्ट सीमाएँ हैं।
  - लो बैंड स्पेक्ट्रम (Low Band Spectrum): इसमें इंटरनेट की गति और डेटा के इंटरैक्शन-प्रदान की अधिकतम गति 100Mbps (प्रति सेकंड मेगाबिट्स) तक होती है।
  - मिड बैंड स्पेक्ट्रम (Mid-Band Spectrum): इसमें लो बैंड के स्पेक्ट्रम की तुलना में इंटरनेट की गति अधिक होती है, फिर भी इसके कवरेज क्षेत्र और सिग्नलों की कुछ सीमाएँ हैं।

हाई बैंड स्पेक्ट्रम (High-Band Spectrum): इसमें उपरोक्त अन्य दो बैंड्स की तुलना में उच्च गति होती है, लेकिन कवरेज और सिग्नल भेदन की क्षमता बेहद सीमित होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने सरकारी प्रतिभूति अधिग्रहण कार्यक्रम (G-SAP) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) की खरीद का निर्णय लिया है, जिसके परिणामस्वरूप बेंचमार्क पर यील्ड के 10-वर्षीय बॉन्ड में 6% से कम की गिरावट दर्ज़ की गई।
  - RBI ने वर्ष 2021-22 के लिये एक द्वितीयक बाज़ार सरकारी प्रतिभूति (G-sec) अधिग्रहण कार्यक्रम या G-SAP 1.0 लागू करने का निर्णय लिया है।
  - यह RBI के 'खुला बाज़ार परिचालनों'(OMOs) का हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस कार्यक्रम के तहत RBI सरकारी प्रतिभूतियों की खुली बाज़ार खरीद का संचालन करेगी।
- इसका उद्देश्य सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में अवधि संरचना और जारीकर्त्ताओं को ध्यान में रखते हुए अन्य वित्तीय बाज़ार साधनों के मूल्य निर्धारण में इसकी केंद्रीय भूमिका को देखते हुए सरकारी प्रतिभूति बाज़ार में अस्थिरता से बचना है।
- यह बॉण्ड बाज़ार सहभागियों को वित्त वर्ष 2021-22 में RBI के समर्थन की प्रतिबद्धता के संबंध में निश्चितता प्रदान करेगा।
- इस संरचित कार्यक्रम की घोषणा से रेपो दर और 10 वर्ष के सरकारी बॉण्ड यील्ड के बीच के अंतर को कम करने में मदद मिलेगी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह बदले में वित्त वर्ष 2021-22 में केंद्र और राज्यों की उधार लेने की कुल लागत को कम करने में मदद करेगा।
- यह व्यवस्थित तरलता की स्थिति के बीच 'यील्ड कर्व' (Yield Curve) के स्थिर और व्यवस्थित विकास को सक्षमता प्रदान करेगा।

**35.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- दक्षिण पश्चिम मानसून के निर्माण को प्रभावित करने वाले कारक:
  - भूमि और जल के ठंडा और गर्म होने का अंतर भारतीय भू-भाग पर निम्न दबाव का निर्माण करता है, जबकि समुद्र में तुलनात्मक रूप से उच्च दबाव होता है।
  - गर्मियों के समय इंटर ट्रॉपिकल कन्वर्जेंस ज़ोन (Inter Tropical Convergence Zone- ITCZ) की स्थिति में बदलाव होता है, जो गंगा के मैदान पर खिसक जाता है।(यह भूमध्यरेखीय गर्त सामान्य रूप से भूमध्य रेखा के लगभग 5° N पर स्थित होता है। इसे मानसून-गर्त के रूप में भी जाना जाता है)।
- मेडागास्कर के पूर्व में, हिंद महासागर में लगभग 20° S पर एक उच्च दबाव वाले क्षेत्र का निर्माण होता है। इस उच्च दबाव वाले क्षेत्र की तीव्रता और स्थिति भारतीय मानसून को प्रभावित करती है।
- तिब्बत का पठार गर्मियों के दौरान तीव्रता से गर्म हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप समुंद्री तल से लगभग 9 किमी की ऊँचाई पर मज़बूत ऊर्ध्वाधर हवा की धाराओं (Vertical Air Currents) और निम्न दबाव के क्षेत्र का निर्माण होता है।

- गर्मियों के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप के ऊपर 'उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट स्ट्रीम' (Tropical Easterly Jet Stream) तथा हिमालय के उत्तर में 'उपोष्ण पछुआ जेट स्ट्रीम' (Westerly Jet Stream) की उपस्थिति।
- उष्णकटिबंधीय पूर्वी स्ट्रीम (अफ्रीकी ईस्टर जेट) की मौजूदगी।
- अल नीनो/दक्षिणी दोलन (SO): प्राय: जब उष्णकटिबंधीय पूर्वी-दक्षिण प्रशांत महासागर क्षेत्र में उच्च दबाव का निर्माण होता है, तो उष्णकटिबंधीय पूर्वी हिंद महासागर में निम्न दबाव का क्षेत्र निर्मित होता है, परंतु कुछ ऐसे विशिष्ट वर्ष होते हैं जब दबाव की यह स्थिति विपरीत या परिवर्तित हो जाती है तथा पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में कम दबाव का निर्माण होता है। दबाव की स्थिति में इस आवधिक परिवर्तन को दक्षिणी दोलन के रूप में जाना जाता है। **अत: विकल्प D सही है।**

**36.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जी-7 समूह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1975 में हुआ था।
  - वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे साझा हित के मुद्दों पर चर्चा करने हेतु इस समूह की बैठक वार्षिक रूप से संपन्न होती है।
- G7 का कोई निर्धारित संविधान या मुख्यालय नहीं है। **अत:कथन 2 सही नहीं है।**
- इस समूह की बैठक वार्षिक रूप से संपन्न होती है। वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं द्वारा लिये गए निर्णय गैर-बाध्यकारी होते हैं। अत: कथन 3 सही है।
  - यूरोपीय संघ (European Union), आईएमएफ (IMF), विश्व बैंक (World Bank) और संयुक्त राष्ट्र (United Nations) जैसे महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाता है।.
- G-7 देशों के राष्ट्राध्यक्ष दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन में मिलते हैं जिसकी अध्यक्षता सदस्य देशों के नेताओं द्वारा एक 'रोटेशनल बेसिस' (Rotational Basis) पर की जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - 47वाँ G7 शिखर सम्मेलन जून, 2021 में यूनाइटेड किंगडम की मेज़बानी में आयोजित किया जाएगा।
  - वर्ष 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन में भी भारत को आमंत्रित किया गया था, हालाँकि महामारी के कारण इस सम्मेलन का आयोजन नहीं किया सका।
  - अगस्त 2019 में 45वाँ G7 शिखर फ्राँस के बिरिट्ज में संपन्न हुआ

37.

उत्तर: B

व्याख्या:

- RBI ने वर्ष 1999 में जनता, बैंकों और वित्तीय संस्थानों से प्राप्त प्रतिपुष्टि (Feedback) के आधार पर विनियमों, परिपत्रों, रिपोर्टिंग प्रणालियों की समीक्षा के लिये पहले विनियमन समीक्षा प्राधिकरण (RRA) की स्थापना की थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह नियामक निर्देशों को सुव्यवस्थित करने, जहाँ भी संभव हो रिपोर्टिंग की प्रक्रियाओं तथा आवश्यकताओं को कम करके और विनियमित संस्थाओं के अनुपालन बोझ को कम करने आदि विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगा। अत: कथन 2 सही है।
  - इसके अलावा यह विनियमित संस्थाओं से भी प्रतिपुष्टि प्राप्त करेगा।
  - विनियमित संस्थाओं में वाणिज्यिक बैंक, शहरी सहकारी बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ शामिल हैं।

**38.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सूर्य से दूरी के हिसाब से यह दूसरा ग्रह है। संरचनात्मक रूप से पृथ्वी से कुछ समानता रखने के कारण इसे पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह (Earth's Twin) भी कहा जाता है।

- शुक्र ग्रह पर वातावरण काफी सघन और विषाक्त है, जिसमें मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड गैस और सल्फ्यूरिक एसिड के बादल विद्यमान हैं।
  - शुक्र के वातावरण में फॉस्फीन (Phosphine) की उपस्थिति का पता लगाया गया था। जो शुक्र ग्रह पर जीवन की उपस्थिति की संभावना को इंगित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- नेचर जियोसाइंस' (Nature Geoscience) में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, शुक्र अभी भी भौगोलिक रूप से सक्रिय (Geologically Active) है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - अध्ययन ने शुक्र की सतह पर रिंग के आकार की संरचना (Ring-Like Structures) के रूप में 37 सक्रिय ज्वालामुखियों की पहचान की, जिन्हें कोरोने (Coronae) नाम दिया गया।
- शुक्र ग्रह से संबंधित मिशन:
  - इसरो शुक्रयान: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation- ISRO) भी शुक्र ग्रह से संबंधित एक मिशन की योजना बना रहा है, जिसे फिलहाल 'शुक्रयान मिशन' कहा गया है।
  - अकात्सुकी (वर्ष 2015- जापान)
  - वीनस एक्सप्रेस (वर्ष 2005- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी)
  - नासा का मैजलन (वर्ष 1989)। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**39.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मीथेन गैस पृथ्वी के वायुमंडल में कम मात्रा में पाई जाती है। यह सबसे सरल हाइड्रोकार्बन है, जिसमें एक कार्बन परमाणु और चार हाइड्रोजन परमाणु ($CH_4$) शामिल होते हैं। मीथेन एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस (Greenhouse Gas) है। यह एक ज्वलनशील गैस है जिसे पूरे विश्व में ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है।
- इसका निर्माण कार्बनिक पदार्थ के टूटने या क्षय से होता है, अतः कथन 1 सही है। इसे आर्द्रभूमियों, मवेशियों, धान के खेत जैसे प्राकृतिक और कृत्रिम माध्यमों द्वारा वातावरण में उत्सर्जित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मीथेन कार्बन की तुलना में 84 गुना अधिक शक्तिशाली गैस है और यह वायुमंडल में लंबे समय तक नहीं रहती है। इसके उत्सर्जन को अन्य ग्रीनहाउस गैसों की तुलना में कम करके ग्लोबल वार्मिंग को ज़्यादा कम किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - यह जमीनी स्तर के ओज़ोन (Ozone) को खतरनाक वायु प्रदूषक बनाने के लिये ज़िम्मेदार है।

**40.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में तालिबान ने अफगानिस्तान के दूसरे सबसे बड़े बांध- दाहला बांध पर कब्ज़ा कर लिया है।
  - दाहला बांध को अरघानदाब (Arghandab) बांध के रूप में भी जाना जाता है। इसका निर्माण अरघानदाब नदी पर किया गया है। अतः कथन 1 सही है।
  - यह अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के शाह वली कोट ज़िले में स्थित है।
  - इस बांध का निर्माण वर्ष 1952 में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अफगानिस्तान में भारत द्वारा बनाए गए बांध:
  - काबुल नदी पर शहतूत बांध (Shahtoot Dam) के निर्माण हेतु दोनों देशों के बीच एक समझौता किया गया है।
  - अफगान-भारत मैत्री बांध (सलमा बांध)।

नोट :

**41.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- आर्कटिक क्षेत्र के अंतर्गत आर्कटिक महासागर और कुछ विशिष्ट हिस्से, जैसे- अलास्का (संयुक्त राज्य अमेरिका), कनाडा, फिनलैंड, डेनमार्क (ग्रीनलैंड), आइसलैंड, नॉर्वे, रूस और स्वीडन को शामिल किया जाता है।
    - ये देश एक साथ मिलकर आर्कटिक काउंसिल नामक एक अंतर-सरकारी फोरम का निर्माण करते हैं। **अत: विकल्प A सही है।**
    - आर्कटिक परिषद का मुख्यालय नॉर्वे (Norway) में है।
- आर्कटिक क्षेत्र में भारत की उपस्थिति वर्ष 1920 में पेरिस की स्वालबार्ड संधि पर हस्ताक्षर के साथ शुरू हुई थी। **अत: विकल्प B सही है।**
- भारत ने वर्ष 2008 में आर्कटिक क्षेत्र में एक स्थायी अनुसंधान स्टेशन का निर्माण किया। इसे 'हिमाद्री' कहा जाता है। हिमाद्री नॉर्वे के स्वालबार्ड क्षेत्र के न्यालेसुंड में स्थित है।
    - भारत द्वारा जुलाई 2014 से कांग्सजॉर्डन फोर्ड (Kongsfjorden fjord) में इंडआर्क (IndARC) नामक एक बहु-संवेदक यथास्थान वेधशाला (Multi-Sensor Moored Observatory) भी तैनात की गई। **अत: विकल्प D सही नहीं है।**
- भारत को वर्ष 2013 में आर्कटिक परिषद में 'पर्यवेक्षक' देश का दर्जा प्रदान किया गया तथा वर्तमान में चीन सहित विश्व के कुल 13 देशों को 'पर्यवेक्षक' का दर्जा प्राप्त है। वर्ष 2018 में भारत के 'पर्यवेक्षक' दर्जे का नवीनीकरण किया गया था। **अत: विकल्प C सही है।**

**42.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- यह एक गंभीर लेकिन दुर्लभ कवक संक्रमण है। यह म्युकरमायसिटिस (Mucormycetes) नामक फफूँद (Molds) के कारण होता है, जो पर्यावरण में प्रचुर मात्रा में मौजूद है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह मुख्य रूप से उन लोगों को प्रभावित करता है, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ हैं या वे ऐसी दवाओं का सेवन करते हैं, जो कीटाणुओं और बीमारी से लड़ने की शरीर की क्षमता को कम करती हैं।
- म्युकरमाइकोसिस के प्रकार: राइनोसेरेब्रल (साइनस और मस्तिष्क) म्युकरमाइकोसिस, पल्मोनरी (फेफड़ों संबंधी) म्युकरमाइकोसिस, क्यूटेनियस (त्वचा संबंधी) म्युकरमाइकोसिस, डिसेमिनेटेड म्युकरमाइकोसिस
- इसका संचरण श्वास, संरोपण (Inoculation) या पर्यावरण में मौजूद बीजाणुओं के अंतर्ग्रहण द्वारा होता है।
    - म्युकरमाइकोसिस का संचार मानव-से-मानव तथा मानव-से-पशुओं के मध्य नहीं होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**43.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गैलाथिया की खाड़ी, दुनिया के सबसे बड़े समुद्री कछुए 'एंजीमेटिक जिआंट टर्टल' का भारत में 'नेस्टिंग' स्थल है, यह दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री कछुआ है जो तीन दशकों में किये गए सर्वेक्षणों के माध्यम से खोजा गया है।
- पिछले कुछ वर्षों में पारिस्थितिक सर्वेक्षणों ने कई नई प्रजातियों की सूचना दी है, जो केवल गैलाथिया क्षेत्र तक सीमित हैं।
- इनमें गंभीर रूप से लुप्तप्राय निकोबार छछूँदर (Nicobar Shrew), ग्रेट निकोबार क्रेक, निकोबार मेंढक, निकोबार कैट स्नेक (Nicobar Cat Snake), एक नया स्किंक (Lipinia Sp), एक नई छिपकली (Dibamus Sp) और लाइकोडोन एसपी (Lycodon Sp) का एक साँप शामिल है। **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :

44:

उत्तर: C

व्याख्या:

- रवींद्रनाथ टैगोर के बारे में माना जाता है कि उन्होंने 2000 से अधिक गीतों की रचना की है और उनके गीतों और संगीत को 'रबींद्र संगीत' (Rabindra Sangeet) कहा जाता है।
- उन्हें बंगाली गद्य और कविता के आधुनिकीकरण हेतु उत्तरदायी माना जाता है। उनकी उल्लेखनीय कृतियों में गीतांजलि, घारे-बैर, गोरा, मानसी, बालका, सोनार तोरी आदि शामिल हैं, साथ ही उन्हें उनके गीत 'एकला चलो रे' (Ekla Chalo Re) के लिये भी याद किया जाता है।
  - उन्होंने अपनी शुरूआती कविताएँ 'भानुसिम्हा' (Bhanusimha) उपनाम से 16 वर्ष की आयु में प्रकाशित की थीं।
- उन्होंने न केवल, भारत और बांग्लादेश हेतु राष्ट्रगान की रचना की बल्कि श्रीलंका के राष्ट्रगान को कलमबद्ध करने और उसकी रचना करने हेतु एक श्रीलंकाई छात्र को प्रेरित किया।
  - अपनी सभी साहित्यिक उपलब्धियों के अलावा वे एक दार्शनिक और शिक्षाविद भी थे, जिन्होंने वर्ष 1921 में विश्व-भारती विश्वविद्यालय (Vishwa-Bharati University) की स्थापना की जिसने पारंपरिक शिक्षा को चुनौती दी। **अतः कथन 1 सही है।**
- रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी काव्यरचना गीतांजलि के लिये वर्ष 1913 में साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार दिया गया था।
  - यह पुरस्कार जीतने वाले वह पहले गैर-यूरोपीय थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- 1915 में उन्हें ब्रिटिश किंग जॉर्ज पंचम (British King George V) द्वारा नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया गया। वर्ष 1919 में जलियाँवाला बाग हत्याकांड (Jallianwala Bagh Massacre) के बाद उन्होंने नाइटहुड की उपाधि का त्याग कर दिया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

45.

उत्तर: D

व्याख्या:

- केंद्र सरकार, संविधान के अनुच्छेद-275 के तहत राज्यों को विचलन बाद राजस्व घाटा (Post Devolution Revenue Deficit Grant) अनुदान प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ये अनुदान राज्यों के विचलन के अंतर को पूरा करने के लिये मासिक किस्तों में वित्त आयोग (Finance Commission) की सिफारिशों के अनुसार जारी किये जाते हैं।
- संविधान का अनुच्छेद-275:
  - यह अनुच्छेद संसद को इस बात का अधिकार प्रदान करता है कि वह ऐसे राज्यों को उपयुक्त सहायक अनुदान देने का उपबंध कर सकती है, जिन्हें संसद की दृष्टि में सहायता की आवश्यकता है।
  - इस अनुदान को प्रत्येक वर्ष भारत की संचित निधि (Consolidated Fund of India) से भुगतान किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ये अनुदान पूंजी और आवर्ती रकम के रूप में हो सकते हैं।
  - इन अनुदानों का उद्देश्य उस राज्य की विकास संबंधी ऐसी योजनाओं की लागतों को पूरा करना है, जो राज्य में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण या अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन स्तर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार की सहायता से लागू है। अतः कथन 3 सही है।
  - ये अनुदान मुख्य रूप से वित्तीय संसाधनों में अंतर-राज्य असमानताओं को समाप्त करने और राष्ट्रीय स्तर पर राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं के एक समान रखरखाव तथा विस्तार के समन्वय हेतु दिये जाते हैं।

नोट :

**46.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या**

- हाल ही में 13 राज्यों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) के तहत खाद्यान्न वितरण शुरू किया है।
- 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में गरीब और संवेदनशील वर्ग की सहायता करने के लिये 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज' (PMGKP) के हिस्से के रूप में शुरू की गई थी।
  - इसका नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रारंभ में इस योजना की शुरुआत तीन माह (अप्रैल, मई और जून 2020) की अवधि के लिये की गई थी, जिसमें कुल 80 करोड़ राशन कार्डधारक शामिल थे। बाद में इसे नवंबर 2020 तक बढ़ा दिया गया था।
  - हालाँकि अप्रैल 2021 में, सरकार ने 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को फिर से शुरू कर दिया था।
- इस योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के माध्यम से पहले से ही प्रदान किये गए 5 किलोग्राम अनुदानित खाद्यान्न के अलावा, प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत 5 किलोग्राम अतिरिक्त अनाज (गेहूँ या चावल) मुफ्त में उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**47.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- यूरेनियम, प्राकृतिक रूप से कम सांद्रता में मिट्टी, चट्टान और जल में पाया जाता है। यह एक कठोर, सघन, लचीली, चांदी के समान सफेद रेडियोधर्मी धातु (Radioactive Metal) है।
  - यूरेनियम धातु का घनत्व बहुत अधिक होता है।
  - नागरिक या असैन्य क्षेत्र में यूरेनियम का मुख्य उपयोग परमाणु ऊर्जा (Nuclear Energy) उत्पादन हेतु वाणिज्यिक परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में ईंधन के रूप में किया जाता है।
  - युद्ध में प्रयुक्त पहला परमाणु बम एक यूरेनियम बम था।
- भारत में यूरेनियम के भंडार धारवाड़ चट्टानों (Dharwar Rocks) में पाए जाते हैं।
  - झारखंड के सिंहभूम कॉपर बेल्ट (Singhbhum Copper Belt) के अलावा राजस्थान के उदयपुर, अलवर और झुंझुनू ज़िले, छत्तीसगढ़ के दुर्ग ज़िले, महाराष्ट्र के भंडारा ज़िले तथा हिमाचल प्रदेश के कुल्लू ज़िले में भी यूरानियम के भंडार पाए जाते हैं।
  - हाल ही में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के शेषाचलम वन (Seshachalam Forest) और श्रीशैलम (आंध्र के दक्षिणी छोर से तेलंगाना के दक्षिणी छोर) के मध्य महत्त्वपूर्ण यूरेनियम भंडार का पता चला है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संसद ने संघ सूची के क्रमांक 54 का अनुसरण करते हुए, 'खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (MMDR Act) पारित किया है।
  - हालाँकि इस अधिनियम के माध्यम से सूक्ष्म खनिजों (Minor Minerals) के संबंध में राज्यों को नियम बनाने वाली शक्तियाँ सौंपी गई हैं।
  - चूँकि यूरेनियम एक प्रमुख खनिज है, इसे केंद्र सरकार द्वारा MMDR अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रबंधित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**48.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- गोपाल कृष्ण गोखले एक महान समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे। जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को अनुकरणीय नेतृत्व प्रदान किया।

**नोट :**

- वर्ष 1899 से 1902 के बीच वह 'बॉम्बे लेजिस्लेटिव काउंसिल' के सदस्य रहे और वर्ष 1902 से 1915 तक उन्होंने इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में काम किया। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में काम करने के दौरान गोखले ने वर्ष 1909 के मॉर्ले-मिंटो सुधारों को तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- वह भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) के नरम दल से जुड़े थे (वर्ष1889 में शामिल)। बनारस अधिवेशन, 1905 में वह INC के अध्यक्ष बने।
    - यह वह समय था जब 'नरम दल' और लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक तथा अन्य के नेतृत्त्व वाले 'गरम दल' के बीच व्यापक मतभेद पैदा हो गए थे। वर्ष 1907 के सूरत अधिवेशन में ये दोनों गुट अलग हो गए।
    - वैचारिक मतभेद के बावजूद वर्ष 1907 में उन्होंने लाला लाजपत राय की रिहाई के लिये अभियान चलाया, जिन्हें अंग्रेज़ों द्वारा म्याँमार की मांडले जेल में कैद किया गया था।
- संबंधित सोसाइटी तथा अन्य कार्य:
    - भारतीय शिक्षा के विस्तार के लिये वर्ष 1905 में उन्होंने सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी (Servants of India Society) की स्थापना की। **अतः कथन 2 सही है।**
    - वह महादेव गोविंद रानाडे द्वारा शुरू की गई 'सार्वजनिक सभा पत्रिका' से भी जुड़े थे।
    - वर्ष 1908 में गोखले ने 'रानाडे इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स' की स्थापना की।
    - उन्होंने अंग्रेज़ी साप्ताहिक समाचार पत्र 'द हितवाद' की शुरुआत की।
- गांधी के लिये गुरु के रूप में:
    - एक उदार राष्ट्रवादी के रूप में महात्मा गांधी ने उन्हें राजनीतिक गुरु माना था। अत: कथन 3 सही है।
    - महात्मा गांधी ने गुजराती भाषा में गोपाल कृष्ण गोखले को समर्पित एक पुस्तक 'धर्मात्मा गोखले' लिखी।

**49.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मुद्रास्फीति का तात्पर्य दैनिक या आम उपयोग की अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं, जैसे- भोजन, कपड़े, आवास, मनोरंजन, परिवहन आदि की कीमतों में वृद्धि से है।
- मुद्रास्फीति के अंतर्गत वस्तुओं और सेवाओं के औसत मूल्य परिवर्तन को मापा जाता है।
    - मुद्रास्फीति किसी देश की मुद्रा की एक इकाई की क्रय शक्ति में कमी का संकेत है। इससे अंततः आर्थिक विकास में मंदी आ सकती है।
    - हालाँकि अर्थव्यवस्था में उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये मुद्रास्फीति के संतुलित स्तर की आवश्यकता होती है।
- भारत में मुद्रास्फीति की गणना दो मूल्य सूचियों के आधार पर की जाती है- थोक मूल्य सूचकांक (WPI) एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)।, जो क्रमशः थोक और खुदरा मूल्य स्तर के परिवर्तनों को मापते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- कोर मुद्रास्फीति का आशय वस्तुओं और सेवाओं की लागत में बदलाव से है, लेकिन इसमें खाद्य और ऊर्जा क्षेत्र की वस्तुओं और सेवाओं की लागत को शामिल नहीं किया जाता है, क्योंकि इनकी कीमतें अधिक अस्थिर होती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इसका उपयोग उपभोक्ता आय पर बढ़ती कीमतों के प्रभाव को निर्धारित करने के लिये किया जाता है।

**50.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार द्वारा NFRA का गठन वर्ष 2018 में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 132 के तहत किया गया था। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- इसके खाते की निगरानी भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (Comptroller and Auditor General- CAG) द्वारा की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह पब्लिक इंटरेस्ट एंटिटीज़ के रूप में नामित कंपनियों और निकायों के निम्नलिखित वर्गों से संबंधित जाँच कर सकता है:
  - ऐसी कंपनियाँ जिनकी प्रतिभूतियाँ भारत में या भारत के बाहर किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**51.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- दीपोर बील (बील का अर्थ है असम में वेटलैंड या बड़ी जलीय निकाय) गुवाहाटी शहर से लगभग 10 किमी. दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। इसे असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में स्थित बड़े और महत्त्वपूर्ण आर्द्रभूमि में से एक माना जाता है।
  - दीपोर बील का गुवाहाटी शहर के लिये प्रमुख जल भंडारण बेसिन होने के अलावा जैविक और पर्यावरणीय महत्त्व भी है।
- यह भारत में प्रवासी पक्षियों का एक प्रमुख स्थल है, जहाँ सर्दियों के दौरान जलीय पक्षियों की बड़ी संख्या इकठ्ठा होती है।
- दीपोर बील को एवियन जीवों की प्रचुरता के कारण बर्डलाइफ इंटरनेशनल (Birdlife International) द्वारा महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (Important Bird Area) साइट्स में से एक के रूप में चुना गया है।
- दीपोर बील को नवंबर 2002 में रामसर साइट (Ramsar Site) के रूप में भी नामित किया गया है।
  - सुर सरोवर उत्तर प्रदेश में स्थित है।
  - लोकटक झील मणिपुर में स्थित है।
  - रुद्रसागर झील त्रिपुरा में स्थित है।
- अत: विकल्प B सही है।

**52.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2017 में बाँस को वृक्ष की श्रेणी से हटाने हेतु भारतीय वन अधिनियम 1927 में संशोधन किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - परिणामस्वरूप कोई भी बाँस की खेती और व्यवसाय कर सकता है और इसकी कटाई करने तथा उत्पादों को बेचने हेतु अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होती है।
- हाल ही में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (TNAU) (न कि CSIR)के कोयंबटूर परिसर में बीमा बाँस (Beema Bamboo) से एक 'ऑक्सीजन पार्क' (Oxygen Park) का निर्माण किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- बीमा या भीमा बाँस (Beema or Bheema Bamboo) एक उच्च क्लोन (Superior Clone) है, जिसे बंबूसा बालकोआ (Bambusa Balcooa) जो कि बाँस की एक उच्च उपज देने वाली प्रजाति है, से प्राप्त किया गया है। बाँस के इस क्लोन को पारंपरिक प्रजनन विधि (Conventional Breeding Method) द्वारा विकसित किया गया है।
  - इस प्रजाति को सर्वाधिक तीव्र गति से विकसित होने वाले पौधों में से एक माना जाता है। यह उष्णकटिबंधीय परिस्थितियों (Tropical Conditions) में प्रतिदिन डेढ़ फीट बढ़ता है।
  - इसे कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (Carbon Dioxide Emissions) को कम करने हेतु सबसे अच्छा 'कार्बन सिंक' (Carbon Sink) माना जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय है जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह भारतीय उद्योगों और अन्य एजेंसियों को स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण या व्यापक घरेलू अनुप्रयोगों के लिये आयातित प्रौद्योगिकियों के अनुकूलन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत में हर वर्ष प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में योगदान के लिये व्यक्तियों को राष्ट्रीय पुरस्कार देकर सम्मानित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**54.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (Members of Parliament Local Area Development Scheme-MPLAD) एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसकी घोषणा दिसंबर 1993 में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
  - प्रारंभ में इसका क्रियान्वयन ग्रामीण विकास मंत्रालय (Ministry of Rural Development) के अंतर्गत किया गया जिसे अक्तूबर 1994 में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Ministry of Statistics and Programme Implementation) को स्थानांतरित कर दिया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस योजना के अंतर्गत संसद सदस्यों (Member of Parliament) को प्रत्येक वर्ष 2.5 करोड़ रुपए की दो किश्तों में 5 करोड़ रुपए की राशि वितरित की जाती है। यह राशि नॉन-लैप्सेबल (Non-Lapsable) होती है।
- उद्देश्य:
  - इस योजना का उद्देश्य सांसदों को विकासात्मक प्रकृति के कार्यों की सिफारिश करने में सक्षम बनाना और उनके निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानीय रूप से महसूस की गई ज़रूरतों के आधार पर सामुदायिक संपत्ति के निर्माण पर ज़ोर देना है।
    - इस योजना के अंतर्गत लोकसभा सदस्य अपने निर्वाचन क्षेत्रों के भीतर काम करने की सिफारिश कर सकते हैं और राज्यसभा के चुने हुए सदस्य राज्य के भीतर कहीं भी काम करने की सिफारिश कर सकते हैं।
    - राज्यसभा और लोकसभा के मनोनीत सदस्य देश में कहीं भी कार्य करने की सिफारिश कर सकते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - इन परियोजनाओं में पीने के पानी की सुविधा, प्राथमिक शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य स्वच्छता और सड़कों आदि का निर्माण किया जाना शामिल है।
  - जून 2016 से इस निधि का उपयोग स्वच्छ भारत अभियान (Swachh Bharat Abhiyan), सुगम्य भारत अभियान (Sugamya Bharat Abhiyan), वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण और सांसद आदर्श ग्राम योजना (Sansad Aadarsh Gram Yojana) आदि के कार्यान्वयन में भी किया जाता है।
  - केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में कोविड -19 के प्रकोप के प्रतिकूल प्रभाव के मद्देनज़र वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के दौरान इस निधि के अस्थायी निलंबन को अपनी मंज़ूरी दे दी है।

**55.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में नासा के 'ओसीरिस-रेक्स' अंतरिक्ष यान (OSIRIS-REx Spacecraft) ने क्षुद्रग्रह बेन्नू (Asteroid Bennu) से पृथ्वी पर वापसी के लिये अपनी दो वर्षीय लंबी यात्रा शुरू कर दी है।
- 'ओसीरिस-रेक्स' पृथ्वी के निकट मौजूद क्षुद्रग्रह का दौरा कर उसकी सतह का सर्वेक्षण करने तथा उससे नमूना एकत्र करने हेतु भेजा गया नासा का प्रथम मिशन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2016 में ओसीरिस-रेक्स (ओरिजिंस, स्पेक्ट्रल इंटरप्रीटेशन, रिसोर्स आईडेंटीफिकेशन, सिक्योरिटी, रेगोलिथ एक्सप्लोरर) अंतरिक्ष यान को बेन्नू क्षुद्रग्रह की यात्रा हेतु लॉन्च किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
  - इस मिशन की अवधि कुल सात वर्ष है और इसका कोई भी अंतिम परिणाम तब सामने आएगा जब यह अंतरिक्ष यान कम-से-कम 60 ग्राम नमूने लेकर पृथ्वी पर वापसी (वर्ष 2023 में) करेगा।

नोट :

- नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) के मुताबिक यह मिशन, अपोलो मिशन के बाद सबसे बड़ी मात्रा में खगोलीय सामग्री को पृथ्वी पर लाने में सक्षम है।
- इस अंतरिक्ष यान में 'बेन्नू' के अन्वेषण के लिये कुल पाँच उपकरण शामिल हैं, जिसमें कैमरे, एक स्पेक्ट्रोमीटर और एक लेज़र अल्टीमीटर शामिल हैं।
- बीते दिनों अंतरिक्ष यान के 'टच-एंड-गो सैंपल एक्विजिशन मैकेनिज़्म' (TAGSAM) नामक रोबोटिक आर्म ने एक नमूना स्थल से नमूना एकत्र किया था।

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एकीकृत बागवानी विकास मिशन' (Mission for Integrated Development of Horticulture- MIDH) फल, सब्जी, मशरूम, मसालों, फूल, सुगंधित पौधों, नारियल, काजू, कोको, बाँस आदि बागवानी क्षेत्र के फसलों के समग्र विकास हेतु एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
  - कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (Ministry of Agriculture and Farmers Welfare) ने वर्ष 2021-22 के लिये 'एकीकृत बागवानी विकास मिशन' हेतु 2250 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं।
- इस योजना को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय वर्ष 2014-15 से लगातार कार्यान्वित कर रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस योजना के तहत भारत सरकार पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में विकास कार्यक्रमों के कुल परिव्यय का 60% योगदान करती है, जिसमें 40% हिस्सा राज्य सरकारों द्वारा दिया जाता है।
  - भारत सरकार उत्तर-पूर्वी राज्यों और हिमालयी राज्यों के मामले में 90% योगदान करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- इसे हरित क्रांति-कृषोन्नति योजना (Green Revolution - Krishonnati Yojana) के तहत लागू किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसे राज्य बागवानी मिशन (State Horticulture Mission) द्वारा 18 राज्यों और 6 केंद्रशासित प्रदेशों के चयनित ज़िलों में लागू किया जा रहा है।

**57.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सरकार ने सोने की मांग को कम करने और घरेलू बचत के एक हिस्से (जिसका उपयोग स्वर्ण की खरीद के लिये किया जाता है) को वित्तीय बचत में बदलने के उद्देश्य से नवंबर 2015 में सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड (Sovereign Gold Bond) योजना की शुरुआत की थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- निर्गमन: गोल्ड/स्वर्ण बॉण्ड सरकारी प्रतिभूति (GS) अधिनियम, 2006 के तहत भारत सरकार के स्टॉक के रूप में जारी किये जाते हैं।
  - ये भारत सरकार की ओर से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इन बॉण्डों की बिक्री निवासी व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (HUFs), न्यासों/ट्रस्ट, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थानों तक ही सीमित है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत के पास रूस द्वारा डिज़ाइन की गई एस-400 ट्रायम्फ (S-400 TRIUMF) प्रणाली है, जो तीन खतरों यथा- रॉकेट, मिसाइल और क्रूज़ मिसाइल से निपटने में सक्षम है, लेकिन इनकी रेंज काफी अधिक होती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसमें खतरों से निपटने के लिये बहुत बड़ा एयर डिफेंस कवच है।
- यह प्रणाली 400 किमी. की सीमा के भीतर 30 किमी. तक की ऊँचाई पर सभी प्रकार के हवाई लक्ष्यों को भेद सकती है।
  - यह प्रणाली 100 हवाई लक्ष्यों को ट्रैक कर सकती है और उनमें से छह को एक साथ निशाना बना सकती है।
- अश्विन एडवांस एयर डिफेंस इंटरसेप्टर मिसाइल (Ashwin Advanced Air Defence Interceptor Missile) रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation- DRDO) द्वारा विकसित एक स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस एयर डिफेंस (AAD) इंटरसेप्टर मिसाइल है।
  - यह कम ऊँचाई वाली सुपरसोनिक बैलिस्टिक इंटरसेप्टर मिसाइल का उन्नत संस्करण है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसमें मोबाइल लॉन्चर, इंटरसेप्शन के लिये सुरक्षित डेटा लिंक, स्वतंत्र ट्रैकिंग, परिष्कृत रडार आदि शामिल हैं।
  - यह एंडो-स्फेरिक (Endo-Spheric- पृथ्वी के वायुमंडल के भीतर) इंटरसेप्टर का उपयोग करती है जो 60,000 से 100,000 फीट की अधिकतम ऊँचाई पर और 90 मील तथा 125 मील के बीच की सीमा में बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराती है।

**59.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में इज़रायली सशस्त्र बलों ने यरुशलम में ज़ायोनी राष्ट्रवादियों द्वारा वर्ष 1967 में शहर के पूर्वी हिस्से पर इजरायल के कब्जे को स्मरण करते हुए निकाले जाने वाले मार्च से पहले येरुशलम के हरम अस-शरीफ में अल-अक्सा मस्जिद पर हमला कर दिया। **अतः विकल्प B सही है।**
- यह इस्लाम में आस्था रखने वालों के लिये सबसे पवित्र संरचनाओं/भवनों में से एक है। यह 35 एकड़ के स्थल- जिसे मुस्लिमों द्वारा हरम अल शरीफ या पवित्र पूजा स्थल (Noble Sanctuary) तथा यहूदियों द्वारा टेम्पल माउंट (Temple Mount) के रूप में जाना जाता है, में स्थित है।
  - यह स्थल पुराने शहर यरुशलम का हिस्सा है, जिसे ईसाइयों, यहूदियों और मुसलमानों के लिये पवित्र माना जाता है।
  - ऐसा माना जाता है कि इसका निर्माण आठवीं शताब्दी की शुरुआत में पूर्ण हो चुका था और इसके सामने 'डोम ऑफ द रॉक' नामक स्वर्ण-गुंबद वाला इस्लामी स्थल स्थित है जो यरुशलम की मान्यता का प्रतीक है।
  - 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization- UNESCO ने यरुशलम के पुराने शहर और इसकी दीवारों को विश्व धरोहर स्थल (World Heritage Site) के रूप में वर्गीकृत किया है।

**60.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 311 (1) के अनुसार, किसी व्यक्ति को जो संघ की सिविल सेवा का या अखिल भारतीय सेवा का या राज्य की सिविल सेवा का सदस्य है अथवा संघ या राज्य के अधीन कोई सिविल पद धारण करता है, उसकी नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी के अधीनस्थ किसी प्राधिकारी द्वारा पदच्युत नहीं किया जाएगा या पद से नहीं हटाया जाएगा।
- अनुच्छेद 311 (2) कहता है कि किसी भी सिविल सेवक को उस जाँच के बाद बर्खास्त या हटाया या उसके रैंक को कम नहीं किया जाएगा, जिसमें उसे आरोपों के बारे में सूचित किया गया है और उन आरोपों के संबंध में सुनवाई का उचित अवसर दिया गया है।
  - अनुच्छेद 311 के तहत संरक्षित व्यक्ति:
    - संघ की सिविल सेवा,
    - अखिल भारतीय सेवाओं और
    - किसी राज्य की सिविल सेवा
    - संघ या किसी राज्य के अधीन सिविल पद धारण करने वाले व्यक्ति।

नोट :

- अनुच्छेद 311 के तहत दिये गए सुरक्षात्मक उपाय केवल सिविल सेवकों, यानी लोक सेना अधिकारियों पर लागू होते हैं। वे रक्षा कर्मियों के लिये उपलब्ध नहीं हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- अनुच्छेद 309 संसद और राज्य विधायिका को क्रमशः संघ या किसी राज्य के मामलों के संबंध में सार्वजनिक सेवाओं और पदों पर नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती और सेवा की शर्तों को विनियमित करने का अधिकार देता है।
- अनुच्छेद 310 के अनुसार, संविधान द्वारा प्रदान किये गए प्रावधानों को छोड़कर, संघ में एक सिविल सेवक राष्ट्रपति की इच्छा से काम करता है और राज्य के अधीन एक सिविल सेवक उस राज्य के राज्यपाल की इच्छा पर काम करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि The Vision

नोट :